बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0
"खाद्य भवन" दरोगा प्रसाद राय पथ, आर0 ब्लॉक, रोड नं0-2 पटना 800001

कार्यालय आदेश

बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम एक लोक उपक्रम संस्था है जो राज्य भर में लक्षित जनवितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न का उठाव, भंडारण एवं वितरण का कार्य साथ ही विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति का कार्य हेतु राज्य सरकार के नोडल एजेन्सी के रूप में कार्य करती है।

लोक उपक्रम (Public Sector) में राशि के स्थानान्तरण एवं पर्यवेक्षण की दृष्टि से PFMS की उपयोगिता पर केन्द्र सरकार द्वारा बल दिया जा रहा है। वर्तमान में भारत सरकार के दिशा निदेश के आलोक में PFMS माध्यम का उपयोग किया जाना परम आवश्यक है।

निगम निदेशक पर्षद की दिनांक 08.03.18 को हुई 152 वीं बैठके के मद् संख्या 152.14 में PFMS का कार्य तथा लेखा संबंधी अन्य कार्य द्रुत गति से करने हेतु प्रत्येक सहायक लेखापाल को अन्य निःशुल्क फीचर के साथ एम0एस0 ऑफिस एवं टैली फीचर में उपलब्ध Laptop खरीदने हेतु कुल :- 40000/- (चालीस हजार रूपया) ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसकी वसूली उनके वेतन से दो हजार रूपया प्रति माह (कुल 20 किस्तों में) कटौती कर की जाएगी।

जिन सहायक लेखापाल के पास उक्त वर्णित फीचर के साथ Laptop उपलब्ध है, उनको छोड़कर अन्य सहायक लेखापाल कुल 40 हजार रूपया ऋण प्राप्त करने हेतु अपना मांग (requisition) आवेदन पत्र के साथ Laptop का Invoice संलग्न करते हुए जिला प्रबंधक के माध्यम से महाप्रबंधक (वित्त एवं आंतरिक वित्तीय सलाहकार) से करेगें। तदनुसार निगम मुख्यालय के वित्त शाखा द्वारा ब्याज रहित ऋण की स्वीकृति कर राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक लेखापाल द्वारा Laptop खरीदने के उपरान्त संबंधित प्रमाण पत्र जिला प्रबंधक के माध्यम से मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करेगें।

विश्वासभाजन

ह0/- 21/3/2018
प्रबंध निदेशक

ज्ञापांकः- 12/H/105/2014/M01/-2816 दिनांकः- 21/3/18

प्रतिलिपिः- मुख्य सतर्कता पदाधिकारी/सभी मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक/उपमहाप्रबंधक/ कम्पनी सचिव शाखा/ सभी जिला प्रबंधक एवं सभी सहायक लेखापाल राज्य खाद्य निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 21/3/2018
प्रबंध निदेशक